दैनिक भास्कर 18-03-2023


**जीएमएन कॉलेज का 53वां वार्षिक महोत्सव • 100 मीटर टीचर कैटेगरी में पुरुषों में डॉ. दीपक व महिला में डॉ. अनुपमा प्रथम**

# रूचि भट्ट बेस्ट महिला व आशीष बेस्ट पुरुष एथलीट घोषित

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज में 53वें दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव के समापन दिवस पर विजेताओं को मुख्यातिथि कैंट एसडीएम सत्येंद्र सिवाच ने पुरस्कृत किया। कॉलेज गवर्निंग बॉडी के प्रधान डॉ. गुरदेव सिंह, महासचिव अजय अग्रवाल ने चीफ गेस्ट को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने कॉलेज के स्वर्णिम इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कॉलेज की उपलब्धियों को सांझा किया। सत्येंद्र सिवाच ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि जीतने के लिए हार भी स्वीकार करनी पड़ती है यदि कोई भाग नहीं लेगा तो जीतेगा कैसे? प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की स्टूडेंट रूचि भट्ट बेस्ट महिला एथलीट व आशीष बेस्ट पुरुष एथलीट घोषित किए गए। पुरुष शिक्षकों की 100 मीटर दौड़ में डॉ. दीपक अहलावत ने पहला, अमनीश ने दूसरा तथा विशाल तनेजा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला शिक्षकों की 100 मीटर की दौड़ में डॉ. अनुपमा सिहाग ने प्रथम, उदिता ने दूसरा तथा डॉ. कमलेश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला शिक्षक चाटी रेस में डॉ. जसबीर कौर पहले, डॉ. कमलेश दूसरे व डॉ. सरोज व डॉ. अनुपमा सिहाग तीसरे स्थान पर रहीं। नॉन टीचिंग स्टाफ दौड़ में अनिल कुमार ने प्रथम, संजीव ने दूसरा तथा संजीव कश्यप ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ. अमित कुमार, डॉ. अनुपमा सिहाग, डॉ. मनजीत कौर, डॉ. रवनीत कौर, डॉ. तृप्ति, प्रो. बृजेश गुप्ता, प्रो. बृजेश गुप्ता व प्रो. रूपाली मौजूद रहीं।





अम्बाला | जीएमएन कॉलेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता मे मटका रेस में भाग लेतीं टीचर व विजेताओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

## प्रतियोगिता के परिणाम: 3000 मीटर रेस में बीए का आशीष प्रथम और बीसीए का रूद्र प्रताप द्वितीय रहा

3000 मीटर मैन रेस में बीए प्रथम वर्ष से आशीष को पहला, बीसीए द्वितीय वर्ष के रूद्र प्रताप को दूसरा व बीए प्रथम के पंकज को तीसरा स्थान मिला। स्लो साइकिलंग मैन में बीबीए से मयंक को पहला, बीएससी के दिवांश को दूसरा व बीए के दीपांशु को तीसरा स्थान मिला। लांग जंप मैन में बीकॉम के अदनान को पहला, बीए की अमनदीप को दूसरा व बीकॉम के अंकित को तीसरा स्थान मिला। स्किपिंग रेस वुमेन में बीए की मोनी को पहला, बीए की कृतिका वर्मा को दूसरा व बीए द्वितीय वर्ष की निधि को तीसरा स्थान मिला। सैक रेस वुमेन में रूचि भट्ट को पहला, बीए द्वितीय वर्ष की कृतिका वर्मा को दूसरा व निधि को तीसरा स्थान मिला। थ्री लैग रेस वुमेन में बीए सेकेंड ईयर की नेहा व सिया को पहला, बीए फर्स्ट ईयर की साक्षी व दमनप्रीत को दूसरा व बीए प्रथम वर्ष की आशी व आक्षी को तीसरा स्थान मिला। 400 मीटर मैन में बीए के आशीष को पहला, पंकज को दूसरा व बीसीए के रूद्र प्रताप को तीसरा पुरुस्कार मिला। चिल्ड्रन रेस टीचिंग में गर्वित शर्मा को पहला, रबगुरु को दूसरा व अबीर सास्वत व केशव को तीसरा पुरुस्कार मिला।